>

Title: Need to open a Kendriya Vidalaya at Maharajganj, District Siwan, Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) अध्यक्ष महोदय, बिहार प्रांत अंतर्गत सिवान जिला का महराजगंज अनुमण्डल मुख्यालय है। महराजगंज में अनुमण्डलीय पुलिस मुख्यालय, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, उच्च विद्यालय, महाविद्यालय, अनेकों उच्चकोटि के व्यवसायिक प्रतिष्ठान, थाना, प्रखंड मुख्यालय आदि पूर्व से हैं। महराजगंज और उसके आसपास के क्षेत्र में हजारों की संख्या में केन्द्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी निवास करते हैं। महराजगंज एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, परन्तु महराजगंज में एक भी अच्छा विद्यालय नहीं है। मजबूर होकर कर्मचारियों को शिक्षा अध्ययन हेतु अपने बच्चों को बाहर भेजना पड़ता है, जिसक कारण कर्मचारियों को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। महराजगंज में वर्षों से एक अच्छे विद्यालय की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

महराजगंज में केन्द्रयी विद्यालय खोलने की मांग पर केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा अपने पत्रांक-एफ 1-3 (19) 2004 के0वि0एस0 - 1600 दिनांक 30.5.05 के माध्यम से महराजगंज में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का आश्वासनके साथ केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा निर्धारित मापदंडों का प्रारूप भेजा गया था। केन्द्र सरकार के निदेशानुसार राज्य सरकार द्वारा महराजगंज केन्द्रीय विद्यालय का प्रारूप एवं समाहर्ता सिवान द्वारा भवन एवं भूमि की उपलब्धता संबंधी प्रतिवेदन केन्द्र सरकार को भेज दिया गया है, परन्तु अभी तक महराजगंज में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की कार्रवाई केन्द्र सरकार द्वारा शुरू नहीं की गई है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि बिहार प्रांत अंतर्गत सिवान जिले के महराजगंज में स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ाई शीघ्र शुरू कराई जाये।